हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 जून 2026

तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री

11 आप के विधायक को अपने बीच में पाकर कार्यकर्ता हुए गदगद



12 बढ़े बिजली बिल और स्मार्ट मीटर को लेकर कांग्रेस ने भाजपा ...





## खबर संक्षेप

### निषाद समाज की तिमाही बैठक 21 जून को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर की तिमाही बैठक 21 जून रविवार को सुबह 11 बजे श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण सामाजिक निषाद भवन देवपुर में रखी गई है। बैठक में सामाजिक चर्चा एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी पाली अध्यक्ष प्रकाश निषाद, उपाध्यक्ष लखन निषाद ने दी है।

### सुरक्षा गार्ड प्रशिक्षण के लिए आवेदन 20 तक

**धमतरी।** लाईवलीहुड कॉलेज में सुरक्षा गार्ड का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि ऐसे युवक-युवतियां जिन्हें सुरक्षा के क्षेत्र में रोजगार की आवश्यकता हो, वे 20 जून तक सिविल कोर्ट के सामने स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में आवेदन कर सकते हैं।

### रोजगार मेला 23 को लगाया जाएगा

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 23 जून को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। कम्पोजिट भवन स्थित जिला रोजगार कार्यालय में आयोजित इस रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा फील्ड ऑफिसर, कलेक्शन ऑफिसर, असिस्टेंट मैनेजर, सिक्युरिटी गार्ड, डिप्टी एडवाईजर, बीमा सखी एवं इंश्योरेंस एडवाईजर के कुल 690 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा।

### जिले की पंचायतों में ग्रामसभा 24 को

**धमतरी।** जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 24 जून को ग्राम सभा का आयोजन होगा। इस बार की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण से तैयार स्थायी प्रतीक्षा सूची मुख्य एजेंडा रहेगी। हर गांव में प्रतीक्षा सूची लगेगी। पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग ने ग्राम सभाओं में जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा और निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। ग्राम सभा में सिस्टम जनरेटेड स्थायी प्रतीक्षा सूची का सार्वजनिक वाचन और अवलोकन किया जाएगा। इसके बाद पात्र हितग्राहियों की प्राथमिकता सूची तैयार की जाएगी। ग्रामीणों से दावे-आपत्तियां लेकर उनका नियमानुसार निराकरण किया जाएगा। ग्राम सभा से अनुमोदन मिलने के बाद अंतिम सूची आवास सॉफ्टवेयर में अपलोड की जाएगी। ग्रामीण रोजगार और आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) की जानकारी भी ग्रामीणों को दी जाएगी ताकि ग्रामीणों को केंद्र सरकार की इस योजना का समय पर लाभ मिल सके।

# ग्रेच्युटी भुगतान के नाम पर रिश्वत लेते कर्मचारी को एसीबी ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बुधवार को एक कर्मचारी को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया। कार्रवाई के बाद संबंधित विभाग में हड़कंप मच गया और दिनभर इस मामले की चर्चा होती रही।

जानकारी के अनुसार गंगरेल में पदस्थ कर्मचारी लकेश्वर को विभागीय स्तर पर लिपिकीय कार्यों की जिम्मेदारी भी सौंपी गई थी। आरोप है कि उसने सेवानिवृत्त कर्मचारी संतोष की ग्रेच्युटी राशि भुगतान की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए उनके पुत्र गुमान से

आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई



एक लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी।

मामले की शिकायत गुमान सिंह ने एसीबी से की। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने प्रारंभिक जांच और सत्यापन किया, जिसमें शिकायत सही पाई गई। इसके बाद अधिकारियों ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप कार्रवाई की तैयारी की। तय योजना के अनुसार शिकायतकर्ता को आरोपी कर्मचारी के संपर्क में भेजा गया।

बताया गया कि आरोपी ने रिश्वत की राशि लेने के लिए शिकायतकर्ता को अपने कर्मा नगर स्थित निजी निवास पर बुलाया था। जैसे ही शिकायतकर्ता ने एक लाख रुपये की रकम आरोपी को सौंपी, पहले से निगरानी कर रही एसीबी की टीम ने तत्काल दबिश देकर उसे रंगेहाथ पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से 50-50 हजार रुपये की दो गड्डियां, कुल एक लाख रुपये बरामद किए गए।

कार्रवाई के बाद आरोपी को पूछताछ के लिए रेस्ट हाउस लाया गया, जहां आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। एसीबी ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर रिमांड पर भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

एसीबी टीम का नेतृत्व कर रहे निरीक्षक मनीष तंबोली ने बताया कि ग्रेच्युटी राशि भुगतान के एवज में रिश्वत मांगने की शिकायत की पुष्टि होने के बाद यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है।

## किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार के खिलाफ बोला हल्ला

# महंगाई पर फूटा कांग्रेसियों का आक्रोश, किया जोरदार प्रदर्शन





■ स्मार्ट मीटर से हो रही बिजली चोरी, ढाई साल में पांचवीं बार बढ़ी दरः दीपक बैज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बिजली दर में वृद्धि सहित लगातार बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने जमकर प्रदर्शन किया। प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने जनपद पंचायत आफिस से जंगी रैली निकाली और कलेक्टोरेट का घेराव कर जमकर नारेबाजी की।

जुलाई से एक बार फिर बिजली की दर में बढ़ोतरी की तैयारी है। कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर पूरे प्रदेश में प्रदर्शन किया। धमतरी में पीसीसी चीफ दीपक बैज के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया। इससे पहले कलेक्टोरेट मोड़ के पास एक सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष श्री बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में स्मार्ट मीटर को हर कनेक्शन में लगाया गया है। जब से यह मीटर लगा है, तब से बिजली का बिल अधिक आ रहा है। उत्तरप्रदेश, राजस्थान में यह मीटर नहीं लगा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता घर-घर जाएंगे और स्मार्ट मीटर निकालकर सामान्य मीटर लगाने के लिए फार्म भरवाएंगे। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार देश की जनता को लूटने में लगी है। ढाई साल में पांचवीं बार बिजली की दर में वृद्धि की जा रही है। स्मार्ट मीटर के माध्यम से बिजली की चोरी की जा रही है। पेट्रोल, डीजल, घरेलू गैस, कमर्शियल गैस के दाम बढ़ा दिए गए हैं। प्रधानमंत्री ▸▸ शेष पेज 10 पर

### थम सकती है महंगाई

श्री बैज ने कहा कि देश में ऐसे भी नेता हैं जो महंगाई रोक सकते हैं। राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनते हैं तो महंगाई रूक जाएगी। पिछले 70 साल तक जब कांग्रेस की सरकार थी तब महंगाई इतनी नहीं बढ़ी थी। अब स्थिति यह है कि हजारों किमी दूर ईरान-अमेरिका का युद्ध चल रहा है। खामियाजा भारत को भुगतना पड़ रहा है। मोदी की गलत विदेश नीतियों के चलते हमारा देश कमजोर हो गया है। कांग्रेस शासन में इंदिरा गांधी ने पेट्रोलियम के लिए तीन डिपो बनाए थे। भाजपा एक भी डिपो नहीं बना पाई है। पीएम मोदी ने हर देश को दुश्मन बनाया है। ऐसे में मदद के लिए कौन सामने आएगा। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकना चाहिए।

### प्रदर्शनकारियों को रोकने लगाए बेरिकेड्स

सभा के बाद रैली निकालकर कांग्रेसी कलेक्टोरेट पहुंचे। यहां पर प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी। बैरिकेड्स लगाए गए थे। प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टोरेट में प्रवेश की कोशिश की। इस दौरान पुलिस के साथ हल्की धक्कामुक्की भी हुई।

### इन्होंने भी उठाई आवाज

सभा को कांग्रेस जिलाध्यक्ष तारिणी नीलम चंद्राकर, धमतरी विधायक ओंकार साहू, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक लेखराम साहू, लक्ष्मी ध्रुव, जिपं सदस्य कविता बाबर, विपिन साहू, आनंद पवार, नीशु चंद्राकर, आलोक जाधव ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कृष्णा मरकाम ने किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी, शरद लोहाना, विजय देवांगन, गोपाल शर्मा, राजकुमारी दीवान, मदनमोहन खंडेलवाल, सलीम रोकड़िया, ब्रजेश जगताप, मनीषा साहू, घामेश्वरी साहू, अंबिका सिन्हा, रेखराम साहू, सुमन मेश्राम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कुरूद-अभनपुर ट्रैक पर 110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हुआ ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद




धमतरी जिले में बड़ी रेललाइन पर यात्री ट्रेन शुरू होने की उम्मीद एक बार फिर बढ़ गई है। रायपुर-धमतरी रेल परियोजना के तहत कुरूद से अभनपुर के बीच तैयार किए गए नए रेलवे ट्रैक पर बुधवार को हाई स्पीड ट्रेन का परीक्षण किया गया। इस दौरान ट्रेन ने 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सफलतापूर्वक सफर पूरा किया।

रेलवे की तकनीकी टीम और अधिकारियों की मौजूदगी में हुए इस परीक्षण में ट्रैक की क्षमता, सुरक्षा मानकों और तेज गति से ट्रेन संचालन की संभावनाओं को परखा गया। ट्रेन ने कुरूद से अभनपुर के बीच लगभग 24 किलोमीटर की दूरी करीब 12 मिनट में तय की।



### तकनीकी जांच के बाद शुरू हुआ परीक्षण

जानकारी के अनुसार ट्रेन रायपुर से निरीक्षण करते हुए पहले कुरूद रेलवे स्टेशन पहुंची। यहां जरूरी तकनीकी जांच और औपचारिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोपहर 1 बजकर 3 मिनट पर स्पीड ट्रायल शुरू किया गया। ट्रायल के दौरान रेलवे अधिकारियों ने पटरी की मजबूती, गति के दौरान ट्रेन के संतुलन, जर्क और अन्य तकनीकी पहलुओं का परीक्षण किया। अधिकारियों के मुताबिक निरीक्षण में कोई बड़ी तकनीकी कमी सामने नहीं आई।

### रिपोर्ट के बाद होगा संचालन पर फैसला

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ट्रायल की पूरी रिपोर्ट तैयार कर मंडल रेल प्रबंधक (**DRM**) को भेजी जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की प्रक्रिया तय होगी। अधिकारियों ने संभावना जताई है कि रायपुर से अभनपुर, कुरूद होते हुए धमतरी तक रेल सेवा इसी साल शुरू हो सकती है। इससे क्षेत्र के यात्रियों को बड़ी रेल लाइन की सुविधा मिलने के साथ आवागमन और व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलने की उम्मीद है। गौरतलब है कि इस मार्ग पर इससे पहले भी ट्रायल किया जा चुका है। लगातार सफल परीक्षण के बाद धमतरी अंचल के लोगों की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने के करीब नजर आ रही है।

## योग से स्वस्थ जीवन की मिलती है प्रेरणा : उत्तरा



**धमतरी।** योग प्रशिक्षक उत्तरा सिंह गौतम पिछले तीन वर्षों से मकई गार्डन में नियमित रूप से योग प्रशिक्षण देकर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। योग के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और सेवा भावना के कारण बड़ी संख्या में लोग उनके मार्गदर्शन में योगाभ्यास कर लाभान्वित हुए हैं। उत्तरा सिंह गौतम का कहना है कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा को जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम है। उनके अनुसार योग से जुड़ना परमात्मा से जुड़ने के समान है। नियमित योगाभ्यास से मानसिक शांति प्राप्त होती है, तनाव कम होता है और शरीर स्वस्थ एवं ऊर्जावान बना रहता है।

## चाकू लहरा रहे युवक को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सार्वजनिक स्थान पर धारदार चाकू लहराकर लोगों को डरा धमका रहे युवक को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया।

■ कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

अपराध एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस सख्त अभियान चला रही है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने एक चाकूबाज को गिरफ्तार किया है। शहर भ्रमण पर निकली पुलिस पेट्रोलिंग टीम को मुखबिर से ओंकार उर्फ रवि रजक नामक युवक द्वारा हनुमंत नगर जाने वाले मार्ग पर स्थित पुल के पास धारदार चाकू लहराकर लोगों को डराते धमकाने की सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। इस दौरान आरोपी हाथ में धारदार चाकू लेकर लोगों को भयभीत कर रहा था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को पकड़ उसके कब्जे से लोहे का एक धारदार चाकू बरामद किया। पूछताछ में आरोपी धारदार हथियार रखने संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस आरोपी ओंकार उर्फ रवि रजक पिता अर्जुन उम्र 25 वर्ष रामसागरपारा धोबी चौक धमतरी निवासी को कोतवाली ले गई। धारा 25 एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी ओंकार उर्फ रवि रजक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

**आरोपी पर पूर्व के 7 मामले दर्ज :** आरोपी ओंकार उर्फ रवि रजक का आपराधिक रिकार्ड दर्ज है। आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में आर्म्स एक्ट के 4 मामले सहित गाली-गलौज, धमकी, मारपीट एवं चोट पहुंचाने संबंधी कुल सात अपराध पूर्व से पंजीबद्ध है।

# टायर दुकान में काम करते मिला 13 साल का बच्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ टास्क फोर्स की टीम ने संचालक के खिलाफ की कार्रवाई

केरल टायर दुकान में बिहार के एक नाबालिग से काम करवाया जा रहा था। बच्चे की उम्र महज 13 साल है। उसके माता-पिता बिहार में रहते हैं। छापामार कार्रवाई के दौरान टास्क फोर्स की टीम ने टायर दुकान संचालक के खिलाफ कार्रवाई की। बच्चे को रेस्क्यू कर बालगृह में रखा गया है।

छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग और कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर बाल श्रम रोकने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। इस टास्क फोर्स में श्रम विभाग, पुलिस, चाइल्ड लाइन और जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी, कर्मचारी शामिल हैं। 1 जून से यह टीम किशोर श्रम निषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2016 के तहत बाल श्रम की रोकथाम के लिए अभियान चला रही है। यह अभियान 30 जून तक चलेगा। बुधवार को इस टीम ने कुरूद स्थित केरल टायर दुकान, यूके ऑटो पार्ट्स, ओम हार्डवेयर, लकी होटल, यादव रेस्टोरेंट और संगवारी रेस्टोरेंट में दबिश दी। इस दौरान केरल टायर दुकान में एक 13 वर्षीय बच्चा काम करते मिला। बच्चे के माता-पिता बिहार में रहते हैं। टास्क फोर्स ने बच्चे का रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति जिला धमतरी के समक्ष पुनर्वास हेतु प्रस्तुत किया। बच्चे को बालगृह में रखा गया है।

### कई संस्थाओं को नोटिस

कार्रवाई के दौरान बाल श्रम संबंधी बोर्ड नहीं लगाने वाले संस्थानों को नोटिस जारी किया गया। इस कार्रवाई में श्रीमती निम्मी पटेल श्रम निरीक्षक श्रम विभाग, यशवंत बैस संरक्षण अधिकारी, प्रमोद अमृत विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी, अनुराग खलको सुपरवाइजर चाइल्ड हेल्पलाइन, भूपेंद्र सिंह चाइल्ड हेल्पलाइन एवं थाना कुरुद के आरक्षक महेश साहू की भूमिका रही।

## संबलपुर में आयोजित प्राकृतिक खेती कार्यशाला में राजस्व मंत्री हुए शामिल

# प्राकृतिक खेती स्वस्थ, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत का आधारः टंकराम

■ आमदी में सशिमं भवन तथा संबलपुर में किसान कुटी निर्माण के लिए 10-10 लाख की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी






संबलपुर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र के समीप आयोजित प्राकृतिक खेती कार्यशाला एवं कृषि मेला में राजस्व एवं जिला प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि प्राकृतिक एवं जैविक खेती केवल कृषि पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज, सुरक्षित पर्यावरण और आत्मनिर्भर किसान की आधारशिला है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ें।

प्रभारी मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है और गांव इसकी आत्मा हैं। पूर्व में कृषि व्यवस्था प्रकृति और पशुधन आधारित थी, जिससे उत्पादन के साथ-साथ स्वास्थ्य और पर्यावरण का संतुलन भी बना रहता था। उन्होंने कहा कि आज बढ़ते रासायनिक उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है तथा अनेक स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां सामने आ रही हैं। ऐसे समय में प्राकृतिक खेती की ओर लौटना समय की आवश्यकता है। मंत्री श्री वर्मा ने किसानों को कृषि उपकरण सहित बीज मिनीकिट पौधे वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को लाभकारी बनाने तथा टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर आमदी में सरस्वती शिशु मंदिर भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपये तथा संबलपुर में किसानों के लिए किसान कुटी निर्माण हेतु 10 लाख रुपये की घोषणा की। कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रेम साहू ने प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला। उपसंचालक कृषि मोनेश साहू ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के प्रति प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि जिले में एक जून से 30 जून तक खेत बचाओ अभियान संचालित किया जा रहा है। जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष रोहिताश मिश्रा ने किसानों को प्राकृतिक, विषमुक्त एवं जहरमुक्त खेती अपनाने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा ध्रुव, श्रीमती लक्ष्मी साहू, बालाराम साहू, वरिष्ठ कृषक एवं कृषि विशेषज्ञ प्रताप राव कृदत्त, किसान नेता ठाकुरराम वर्मा, शशि पवार सहित कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

## किशोरियों एवं माताओं को एचपीवी टीकाकरण की दी जानकारी



**धमतरी।** भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय इकाई धमतरी की आरोग्य समिति द्वारा 14 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव हेतु ब्राह्मण पारा एवं कोष्टापारा वार्ड में जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसी दीदी, एमटी दीदी एवं मितानिन दीदियों के सहयोग से किशोरियों एवं माताओं को एचपीवी टीकाकरण के महत्व की जानकारी दी गई।

रुक्मणि सोनकर ने एचपीवी टीके के लाभों पर प्रकाश डाला, वहीं ब्राह्मणपारा वार्ड पार्षद कोमल सार्वा ने किशोरी बेटियों से जुड़े इस संवेदनशील विषय पर खुलकर चर्चा की तथा सभी माताओं एवं किशोरियों से अपने परिवार व चिकित्सकों की सलाह लेकर टीकाकरण कराने की अपील की।

कार्यक्रम में संगीता साहू, बसंती साहू, सावित्री कुम्भकार, उर्वशी कुम्भकार, अलका पदमवार, रेखा निर्मलकर, दुलौरिन, यमुना, मनीषा सोनकर, देवकी साहू, उषा निर्मलकर, जानकी निर्मलकर, पूर्णिमा, केशरी, लक्ष्मी पटेल, डामिन साहू, तृषा निर्मलकर, दीप्ति साहू, निर्मला यादव, भगवती कुम्भकार उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को

**कांकेर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिला स्तर पर सामूहिक योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के वाणिज्य एवं उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, वाणिज्यिक कर आबकारी श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के सुव्यवस्थित संचालन के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के सभी विकासखण्ड के नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों में सामूहिक योगाभ्यास कराने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

### जहर खाकर दी युवती ने जान

**कांकेर।** सिविल अस्पताल पखांजुर में इलाज के लिए छोटेबेठिया थानांतर्गत 17 वर्षीय रेशमा पद्मा पिता बाजू पद्पा ने जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिक ने 16 जून को जहर का सेवन कर लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में उसके परिजन लेकर आए थे, लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### प्रयास विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा के परिणाम जारी

**कांकेर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं (सत्र 2026-27) में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की गई थी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि प्राक्चयन परीक्षा पश्चात प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण किया जाकर परीक्षा परिणाम विभागीय वेबसाइट पर जारी किया गया है, जिसमें विद्यार्थी अपना रोल नबर एवं मोबाइल नंबर प्रविष्ट कर प्राप्तांक देख सकते हैं। काउंसिलिंग के लिए विद्यार्थियों को विभागीय वेबसाइट का अवलोकन करते रहने के लिए कहा गया है। इसके लिए सूचना पृथक से अपलोड की जाएगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### महंगाई पर फूटा ...

खुद विदेश घूम रहे हैं और जनता से अपील कर रहे हैं कि डीजल, पेट्रोल, गैस का कम उपयोग करें। सोना, चांदी न खरीदें। **भटक रहे किसान :** खेती-किसानी के समय में किसानों को परेशान हो रहा है। श्री बैज ने कहा कि ट्रैक्टर से खेतों की जुताई के लिए डीजल नहीं मिल रहा है। पेट्रोल पंपों में जेरिकेन में डीजल देना बंद कर दिया गया है। स्थिति यह है कि किसानों को खेत से ट्रैक्टर को पेट्रोल पंप तक लाना पड़ रहा है। इसमें भी कई बार उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है। खाद संकट से भी किसान बेहाल हैं। अब खेती में फोकस करें कि डीजल, खाद की व्यवस्था में जुटे रहे।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-आमदी तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.)

// सूचना पत्र //

प्रति,
1. डोमार पि. गौर सिंह
2. प्रतिमा पति विजय कुमार
3. हुकुमचंद पि. कुन्दन लाल
4. नीरज कुमार पि. राजेन्द्र
5. भीखम पि. सुखदेव देमार

विषय :- सीमांकन की सूचना बाबत्।

--000--

आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम देमार प.ह.नं.24 रा.नि.मं.-आमदी तहसील व जिला-धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 209/1 रकबा 0.33 हे. का आवेदक डोमार साहू पिता गौर सिंह साहू निवासी धमतरी के आवेदन पर श्रीमान तहसीलदार धमतरी के आदेश दिनांक 09/06/2026 के अनुसार सीमांकन दिनांक 18/6/2026 को दिन गुरुवार समय 1.00 बजे मेरे द्वारा किया जाना है।

अतः आप सीमावर्ती भूमि स्वामी होने के कारण सीमांकन के समय स्थल पर मय दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें। समय पश्चात् आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. आमदी

# कानून, साइबर सुरक्षा और महिला अधिकारों पर दी जानकारी

## आईटीआई कुरुद में आयोजित हुआ विधिक जागरुकता सत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) कुरूद के सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में विधिक जागरूकता एवं कानून संबंधी मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद रजत कुमार निराला थे।

सत्र में श्री निराला ने प्रशिक्षण अधिकारियों, कर्मचारियों, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं प्रशिक्षणार्थियों को कानून की मूलभूत जानकारी, न्यायिक प्रक्रिया, नागरिक अधिकार एवं कर्तव्यों तथा दैनिक जीवन में कानून के महत्व के संबंध में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को कानून का पालन करते हुए जिम्मेदार व्यवहार अपनाना चाहिए और किसी भी अवैध गतिविधि से दूर रहना चाहिए। आपराधिक प्रकरणों का असर शासकीय सेवाओं एवं रोजगार संबंधी अवसरों पर भी पड़ सकता है। कार्यक्रम में संस्था के प्रशिक्षण अधिकारी, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।



### महिला सुरक्षा और अधिकारों पर हुई चर्चा

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों, सुरक्षा एवं गोपनीयता से जुड़े कानूनी प्रावधानों पर विशेष चर्चा की गई। न्यायाधीश निराला ने महिलाओं की व्यक्तिगत जानकारी, फोटो एवं डिजिटल सामग्री के दुरुपयोग से बचाव के उपायों के साथ उपलब्ध कानूनी सहायता और शिकायत प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा, यौन उत्पीड़न से संरक्षण तथा रोजगार के दौरान लागू विभिन्न कानूनी प्रावधानों और कर्मचारियों के अधिकारों के बारे में भी मार्गदर्शन दिया।

### साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी

प्रशिक्षणार्थी द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम एवं साइबर अपराधों से जुड़े सवाल पूछे जाने पर रजत कुमार ने सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग और डिजिटल सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी व्यक्ति की फोटो, वीडियो या निजी सामग्री का बिना अनुमति गलत उपयोग, मॉर्फिंग, फर्जी प्रोफाइल बनाना अथवा ऑनलाइन उत्पीड़न करना दंडनीय अपराध है। ऐसे मामलों में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम एवं भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई का प्रावधान है।

## गाताबाहरा और बुडरापारा में अब भी नहीं मिला पक्का भवन

# झोपड़ीनुमा स्कूलों में पढ़ने को मजबूर बच्चे

- 11 स्कूल भवन विहीन, 94 अति जर्जर और 111 स्कूलों को मरम्मत की जरुरत

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

प्रदेशभर में नए शिक्षा सत्र 2026-27 की शुरुआत के साथ विद्यालयों में बच्चों की चहल-पहल लौट आई है। शिक्षा विभाग गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर आधारभूत सुविधाओं के दावे कर रहा है, लेकिन नगरी विकासखंड के कई विद्यालयों की वास्तविक स्थिति इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। क्षेत्र के अनेक स्कूल आज भी भवन विहीन, जर्जर भवनों और मूलभूत सुविधाओं की कमी जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं।

दूरस्थ एवं आदिवासी अंचलों में हालात अधिक चिंताजनक हैं। खल्लारी क्षेत्र के आश्रित ग्राम गाताबाहरा और बुडरापारा के प्राथमिक विद्यालय आज भी झोपड़ीनुमा भवनों में संचालित हो रहे हैं। हालांकि इन स्कूलों के नए भवनों का निर्माण कार्य स्वीकृत हो चुका है और वर्तमान में प्लिंथ लेवल तक पहुंच गया है, लेकिन निर्माण पूर्ण नहीं होने के कारण बच्चों को अस्थायी व्यवस्था में ही पढ़ाई करनी पड़ रही है।






### विकासखंड में 11 विद्यालय भवन विहीन

विकासखंड शिक्षा विभाग की जून 2026 की अद्यतन सूची के अनुसार नगरी विकासखंड में 11 विद्यालय भवन विहीन हैं, जिनका संचालन सामुदायिक भवनों, पंचायत परिसरों अथवा अन्य वैकल्पिक स्थलों में किया जा रहा है। वहीं 94 विद्यालय अति जर्जर श्रेणी में शामिल हैं, जबकि 111 विद्यालयों में मरम्मत कार्य की आवश्यकता बताई गई है। इसके अलावा 26 विद्यालयों में अहाता (बाउंड्रीवाल) निर्माण की मांग लंबित है।

### भवन विहीन एवं जर्जर स्कूलों की जानकारी भेजी गई

विकासखंड शिक्षा अधिकारी के अनुसार भवन विहीन एवं जर्जर विद्यालयों की जानकारी उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है तथा स्थायी भवन निर्माण और आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि जल्द ही इन विद्यालयों को सुरक्षित और सुविधायुक्त भवन उपलब्ध होंगे।

### बारिश में छत से टपकता है पानी

बरसात के मौसम में कई विद्यालयों की स्थिति और खराब हो जाती है। कई भवनों की छतें जर्जर हो चुकी हैं, जिनसे पानी टपकता है। कुछ स्थानों पर शिक्षण कार्य जारी रखने के लिए अस्थायी रूप से पॉलीथीन शीट लगाई गई है। इससे विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। अंचल के कसपुर, अर्जुनी, गेदरा, खड़पथना, सातबहना, सिहावा, बनोरा, बेलरगांव, भोथापारा, भीष्मपुरी तथा कन्या शाला नगरी सहित कई विद्यालयों में भवन निर्माण, अतिरिक्त कक्ष, मरम्मत एवं सुरक्षा आहता जैसी आवश्यकताओं को चिन्हित किया गया है।

# सरपंच संघ कुरूद ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



- गोजी के शीतला मंदिर परिसर में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संदेश के साथ ग्राम पंचायत गोजी में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरपंच संघ कुरूद के मार्गदर्शन में बगीचा तालाब स्थित माता शीतला मंदिर प्रांगण में नारियल के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने शामिल होकर अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष एवं शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष टिकेश साहू, सरपंच संघ कुरूद अध्यक्ष हरिशंकर साहू, गोजी सरपंच जयमित्र साहू, भैंसमुंडी सरपंच ओमप्रकाश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर जनजागरूकता फैलाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली बचाने का संदेश दिया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति की रक्षा नहीं करते, बल्कि जीवन के आधार भी हैं। प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण के साथ उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए।

# मसानडबरा जनमन आवास कॉलोनी बनेगी देश का आदर्श मॉडल : अरुण

**सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात कर इसके लोकार्पण एवं क्षेत्रीय विकास कार्यों का रखा प्रस्ताव**

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने इस सप्ताह लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर सिहावा विधानसभा क्षेत्र के विकास एवं जनकल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से मसानडबरा स्थित प्रधानमंत्री जनमन आवास कॉलोनी की जानकारी देते हुए इसके लोकार्पण का प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष रखा।

श्री सार्वा ने मुख्यमंत्री को बताया कि मसानडबरा में विकसित की गई जनमन आवास कॉलोनी अति पिछड़ी जनजातीय समुदाय के जीवन स्तर में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह कॉलोनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जनजातीय उत्थान संबंधी सोच को साकार करने वाली एक उत्कृष्ट परियोजना है, जिसे विकसित भारत की अवधारणा के अनुरूप देश के लिए एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कॉलोनी के लोकार्पण के लिए समय देने का आग्रह भी किया।

मुलाकात के दौरान क्षेत्रीय अधोसंरचना विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी रखे गए। इनमें सांकरा-घटुला-बेलर-जेतपुरी मार्ग के चौड़ीकरण, केरेगांव-गट्टासिल्ली-बिरगुड़ी मार्ग के नवीनीकरण, सांकरा-झरियाबाहरा मार्ग के चौड़ीकरण, पुरूर-खिड़मीयेलन-गंगरेल मार्ग के मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण तथा पुरूर-भटगांव-गोकुलपुर मार्ग के उन्नयन की मांग प्रमुख रूप से शामिल रही। इसके साथ ही नगरी-सिहावा मार्ग के लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने का आग्रह भी किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी मांगों पर सकारात्मक विचार करने तथा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रवण मरकाम भी उपस्थित थे।




# भाजपाइयों ने वरिष्ठ ग्रामीणों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

भाजपा द्वारा चलाए जा रहे 12 साल विकास के विश्वास, जनकल्याण के विशेष जनसंपर्क अभियान अंतर्गत ग्राम सांकरा, मेचका, अरसीकन्हार एवं बेलरबाहरा क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व श्रीमती शालिनी राजपूत, अध्यक्ष हस्तशिल्प कला बोर्ड एवं संगठन प्रभारी विधानसभा सिहावा ने किया।

इस अवसर पर अजय ध्रुव सभापति जिपं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा करते हुए भारत को विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम प्रदान किए हैं। उनके नेतृत्व में भारत विश्व मंच पर एक सशक्त एवं सम्मानित राष्ट्र के रूप में उभरा है। जनसंपर्क अभियान के दौरान वरिष्ठ ग्रामीणजनों से भेंटकर उनका कुशलक्षेम जाना गया तथा संगठनात्मक विषयों एवं केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में मोहन नाहटा मंडल प्रभारी, राजेश गोसाईं सभापति जनपद पंचायत नगरी, पवन साहू अध्यक्ष किसान मोर्चा, शशिभूषण साहू, जीवन नाग सरपंच मेचका, विमला ध्रुवा पूर्व सरपंच, वोषित पटेल, गोपाल सोरी, संतोष ठाकुर, चंद्रकुमार नाग, अंकेश ध्रुवा, छक्कन ध्रुवा, लखन सिन्हा, गजेंद्र सोनबोइर, रेवाप्रसाद तिवारी, पूनम सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।



# परसट्ठी में क्रिकेट पिच का उद्घाटन



**मगरलोड।** ग्राम पंचायत परसट्ठी में खेल मैदान समतलीकरण के साथ क्रिकेट पिच का कांक्रीटीकरण किया। उद्घाटन के मुख्य अतिथि सरपंच टोमन लाल साहू थे। इस अवसर पर सचिव रवि कुमार साहू, उपसरपंच संतराम साहू, पंच विष्णुराम साहू, पुष्पक ग्वाल, घनश्याम साहू, ओमलता साहू, खुशबू साहू, टेमिन साहू, पम्मी साहू, डिगेश्वरी साहू, इंद्रा साहू, ग्रामीण सचिव टेकेश्वर साहू, नीलकमल साहू, युगेश्वर साहू, राकेश साहू, पुकेश्वर साहू उपस्थित थे।

# योग शिविर का लाभ ले रहे ग्रामीण

**अंवरी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर पंचायत भखारा-भठेली एवं आयुष विंग स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 17 से 21 जून तक निःशुल्क योग शिविर का आयोजन प्रातः 7 से 8:30 बजे तक बिसाहू सिंह गौर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भखारा में होगा। शिविर का समापन 21 जून को होगा। शिविर में योग विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित जानकारी दी जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने समस्त नागरिकों से योग शिविर का लाभ लेने का आग्रह किया है।

# संस्कार और संस्कृति को संजो रहा 'हमर ठीहा' डे केयर

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

बदलते सामाजिक परिवेश, एकल परिवारों की बढ़ती संख्या और रोजगार के लिए युवाओं के शहरों की ओर पलायन के कारण अनेक वरिष्ठ नागरिक दिन के समय अकेलेपन और उपेक्षा का सामना कर रहे हैं। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठजनों के संरक्षण, उनके अनुभवों को सम्मानजनक मंच प्रदान करने तथा संस्कार एवं संस्कृति को सहेजने के उद्देश्य से हमर ठीहा का संचालन डे केयर केंद्र के रूप में किया जा रहा है। यहां वरिष्ठ नागरिकों को संवाद, विचार-विमर्श और सामाजिक सहभागिता का अवसर मिलता है, जिससे वे आत्मसम्मान के साथ जीवन व्यतीत कर सकें।



### शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में भी सक्रिय योगदान

संस्था पिछले 16 वर्षों से स्टडी क्लब के माध्यम से स्कूली बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत है। वहीं पिछले चार वर्षों से सीजीपीएससी, व्यापम एवं विभिन्न एकदिवसीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जा रही है। संस्था समय-समय पर अंत्योदय कार्डधारियों के लिए निःशुल्क विशेष कक्षाएं संचालित करती है। इसके अलावा बीपीएल कार्डधारी विद्यार्थियों को विशेष रियायत देकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने का कार्य भी किया जा रहा है।

## शीघ्र भुगतान करने अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपा

# कर्मचारियों को अब तक मई माह का नहीं मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर पालिक निगम के कर्मचारियों को माह मई 2026 का वेतन अब तक नहीं मिला है। इससे कर्मचारियों में नाराजगी है। इस संबंध में नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ ने नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर लंबित वेतन का तत्काल भुगतान कराने की मांग की है।

संघ के अध्यक्ष मंगलू निर्मलकर ने बताया कि 17 जून तक कर्मचारियों को मई माह का वेतन प्राप्त नहीं हुआ है। वेतन भुगतान में हो रही देरी के कारण कर्मचारियों और उनके परिवारों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत होने से बच्चों की स्कूल फीस, ड्रेस, पुस्तकें एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री की व्यवस्था करना कर्मचारियों के लिए चुनौती बन गया है। संघ ने निगम प्रशासन से मई का लंबित वेतन शीघ्र जारी करने की मांग की है।

इस मौके पर संघ के संरक्षक पीसी सार्वा, सलाहकार महेन्द्र सिंह जगत, दीपक शर्मा, अध्यक्ष मंगलूराम निर्मलकर, रोशन लोंढे, संजय गुप्ता, नितिन बनवासी, कमलेश ठाकुर, प्रमेश प्रदरिया, कामताप्रसाद चौबे, कमल सिन्हा, लोमश देवांगन, सुनील सालुंके समेत कार्यकारिणी सदस्य मौजूद थे।




Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### 7.5 लीटर बीयर जब्त एक कोचिया पकड़ाया

**कांकेर।** आमाबेड़ा थाना की पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम गेड़गांव रोडपारा निवासी 33 वर्षीय हरेश नाग पिता स्व. बीरसिंह नाग के कब्जे से 15 नग केन बीयर जब्त की है। तलाशी के दौरान घर के एक कमरे में प्लास्टिक की बोरी में रखी 15 नग बीयर बरामद किया। जप्त अंगेजी शराब कुल 7 लीटर 500 एमएल थी, जिसकी कीमत लगभग 3 जार 750 रुपए आंकी गई। कोचिया के विरुद्ध धारा 34 (2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया में लिया गया।

### सरोना महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया जारी

**सरोना।** शाहिद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर से संबद्ध शासकीय महाविद्यालय सरोना साल्हेभांट जिला कांकेर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नियमित प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार बीए, बीएससी बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों से 16 जून से 24 जून 2026 तक ऑनलाइन आवेदन करने का मौका दिया गया है।

### कांकेर में आज से तीन दिनी छायाचित्र प्रदर्शनी

**कांकेर।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनसंपर्क विभाग द्वारा आगामी 18 से 20 जून तक केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसके शुभारंभ अवसर पर 18 जून को वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहेंगे। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय कांकेर के नया बस स्टैण्ड के समीप साप्ताहिक बाजार स्थल पर निर्मित डोम में तीन दिवसीय प्रदर्शनी अवलोकनार्थ आयोजित की जाएगी। प्रथम दिवस अपरान्ह 2.30 बजे प्रदर्शनी का शुभारंभ किया जाएगा।

### ई-केवायसी 30 तक करवाने का है मौका

**कांकेर।** राज्य शासन के द्वारा समस्त हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का ई-केवायसी कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना के तहत लाभान्वित समस्त महिलाओं का ई-केवायसी कराया जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने योजनांतर्गत लाभार्थी महिलाओं से निकट के कॉमन सर्विस सेंटर या संबंधित ग्राम पंचायत में वीएलई के माध्यम से ई-केवायसी आगामी 30 जून तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने की अपील की है।

### पीएम सम्मान निधि की किस्त 20 को होगी जारी

कांकेर। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 23वीं किश्त 20 जून को किसानों के खातों में जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअली माध्यम से पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के तारकेश्वर से पीएम-किसान योजना की 23 वीं किश्त अप्रैल से जुलाई 2026 तक की अवधि के लिए जारी की जाएगी। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के विभागीय अधिकारियों से कृषि विज्ञान केंद्र केवीके स्तर, ब्लॉक मुख्यालयों, ग्राम पंचायतों, मंडियों तथा अन्य उपयुक्त स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित सुनिश्चित करने कहा है।

# विवेचकों को कार्यशाला में मिला आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण

## सीसीटीवी एवं डिजिटल साक्ष्यों के प्रभावी उपयोग पर विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस बल को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यशाला में चयनित विवेचकों को डिजिटल युग की चुनौतियों से निपटने आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया।

नवीन कानून अंतर्गत अपराध अनुसंधान को अधिक वैज्ञानिक, सटीक एवं तकनीक आधारित दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए एसपी सूरजसिंह परिहार के निर्देशन एवं उपस्थिति में आईएसएस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिले के सभी थाने एवं चौकियों से चयनित विवेचना अधिकारी एवं पुलिस कर्मचारियों को डिजिटल साक्ष्यों के महत्व उनके विधिसम्मत संकलन, संरक्षण एवं विश्लेषण की जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला का मुख्य फोकस मोबाइल एवं अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों से प्राप्त डिजिटल साक्ष्यों के प्रभावी उपयोग पर रहा है। प्रशिक्षण के दौरान साइबर एवं आईटी एक्सपर्ट आशुतोष दुबे एवं उनकी टीम द्वारा प्रतिभागियों को डिजिटल एविडेंस की बढ़ती उपयोगिता, घटनास्थल से प्राप्त इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के सुरक्षित संग्रहण, सीसीटी फुटेज के संरक्षण, डेटा रिकवरी, तकनीक विश्लेषण तथा न्यायालीन प्रक्रिया में उनकी स्वीकार्यता एवं उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही विभिन्न डिजिटल उपकरणों के संचालन एवं उनसे साक्ष्य प्राप्त करने की प्रक्रिया का लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला में एएसपी शैलेंद्र पांडे, सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, डीएसपी भानुप्रताप चंद्राकर, डीएसपी मोनिका मरावी, मीना साहू, यशकरण दीप ध्रुव, रक्षित निरिक्षक दीपक शर्मा सहित जिले के पुलिस अधिकारी विवेचक एवं अन्य पुलिस कर्मचारी उपस्थित थे।



### तकनीकी कौशल का अधिकतम उपयोग विवेचना कार्यों में करें

इस अवसर पर एसपी श्री परिहार ने कहा कि आधुनिक पुलिसिंग में डिजिटल साक्ष्य अपराध अनुसंधान का मजबूत आधार बन चुका है। प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल तकनीकी जानकारी प्राप्त करना नहीं, बल्कि उसे विवेचना के दौरान व्यवहारिक रूप से लागू करना है। जब तकनीक व अनुभव का समन्वय होगा तभी अपराध अनुसंधान की गुणवत्ता और सफलता दोनों में वृद्धि होगी। उन्होंने अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान व तकनीकी कौशल का अधिकतम उपयोग अपने दैनिक विवेचना कार्यों से करें ताकि प्रत्येक प्रकरण की जांच अधिक गुणवत्तापूर्ण पारदर्शी एवं साक्ष्य आधारित हो सके।

### कुरुद में आम आदमी पार्टी की विधानसभा स्तरीय बैठक

# आप के विधायक को अपने बीच में पाकर कार्यकर्ता हुए गदगद





हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

सोमवार को आम आदमी पार्टी कुरूद विधानसभा की बैठक काली मंदिर में रखी गई जहां मुकेश अहलावत विधायक दिल्ली व पूर्व कैबिनेट मंत्री तथा छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त प्रभारी, सूरज उपाध्याय प्रदेश प्रवक्ता, भूपेंद्र चंद्राकर प्रदेश उपाध्यक्ष व रूद्र सेन मौजूद रहे। शाम 4 बजे बाजे-गाजे व आतिशबाजी के साथ कार्यकर्ताओं ने पुराना बाजार चौक में अहलावत जी का स्वागत किया ।उसके पश्चात पैदल मां चंडी की चौखट में पहुंचकर श्री अहलावत ने कुरुद विधानसभा की खुशहाली की कामना की।

जिला अध्यक्ष विनोद सचदेवा ने बताया कि संगठन को मजबूत करने के लिए 9 जून से पूरे प्रदेश की 90 विधानसभा में बैठक आयोजित की जा रही है। यूथ विंग जिला अध्यक्ष ललित नागारची ने बताया कि कुरुद विधानसभा को 6 ब्लाक में बांटा गया है और 6 ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं।

### छत्तीसगढ़ में सुशासन नहीं, केवल कागजी कार्रवाई

इस अवसर पर श्री अहलावत ने कार्यकर्ताओं से कहा कि संगठन को मजबूत करें। आने वाला समय आम आदमी पार्टी का है। जनता देख रही है। दोनों पार्टी ही भ्रष्ट है। दिल्ली और पंजाब में जिस प्रकार कार्य चल रहा है वह कार्य छत्तीसगढ़ में भी हो सकता है। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में सुशासन नहीं है। सुशासन के नाम पर केवल कागजी कार्रवाई की जा रही है। अच्छी शिक्षा और अच्छा स्वास्थ्य नहीं है। यहां युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है।

### बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करेंगे

पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बैठक का उद्देश्य संगठन का विस्तार करना है। बूथ स्तर पर मजबूती लानी है। कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करना है। संगठनात्मक समीक्षा एवं आगामी चुनावी तैयारी को प्रभावी बनाना है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सूरज उपाध्याय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी विधानसभा में पहुंचकर बैठक ली जा रही है। इसी कड़ी में धमतरी और कुरुद विधानसभा की बैठक आज ली गई

### साय सरकार से जनता नाखुश

प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में आज तीसरे मोर्चे को लेकर चर्चा चल रही है । आम आदमी पार्टी के पास संगठन को मजबूत कर तीसरे मजबूत विकल्प रखने का मौका है। जिला अध्यक्ष, सदस्यों ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अंध भक्तों से दूर रहना पड़ेगा। आज भारत विश्व गुरु बनते बनते विश्व चेला बन चुका है। यूथ विंग जिला अध्यक्ष ललित नागारची ने कहा कि छत्तीसगढ़ बिजली सरप्लस स्टेट होने के बावजूद भी यहां पूर्ण रूप से बिजली की पूर्ति नहीं की जा रही है। छत्तीसगढ़ियों को लूटने का काम साय सरकार कर रही है। स्मार्ट मीटर के नाम पर लोगों के साथ धोखा किया जा रहा है।

इस अवसर पर भूपेश, देव साहू, थानेश निर्मलकर, मनोज नगारची, पुरोहित बंजारे, भीम साहू, कमलेश, नीरज, चेतन सिन्हा, रोहित हरिशंकर नगारची, चेतन साखरे, संतोष मौर्यवंशी, जनक साहू, बिसाहू धीवर, गुलशन, यशवंत निर्मलकर, रतन ध्रुव समेत कुरुद विधानसभा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बोरिद खुर्द में 15वें वित्त मद की राशि में अनियमितता का आरोप

## ग्रामीणों ने कलेक्टर और एसपी को आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत बोरिद खुर्द में 15वें वित्त मद की राशि के उपयोग में कथित वित्तीय अनियमितता और शासकीय राशि के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। जांच रिपोर्ट में पूर्व सरपंच दुष्यंत सिन्हा और पंचायत सचिव गिरजा चंदेल के खिलाफ वित्तीय गड़बड़ी के आरोप सामने आने के बाद ग्रामीणों ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम पंचायत बोरिद खुर्द के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री, कलेक्टर धमतरी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धमतरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमतरी तथा जिला पंचायत धमतरी को शिकायत आवेदन देकर पंचायत में 15वें वित्त मद की राशि के उपयोग की जांच कराने की मांग की थी। शिकायत में कहा है कि पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों के नाम पर राशि खर्च दिखाई गई, लेकिन कई कार्य धरातल पर नजर नहीं आए और भुगतान प्रक्रिया में गंभीर गड़बड़ियां हुई हैं।

ग्रामीणों की शिकायत के बाद जनपद पंचायत धमतरी द्वारा मामले की जांच के लिए सहायक आंतरिक लेखा परीक्षक एवं करारोपण अधिकारी कृष्ण सिंह नागवंशी तथा तकनीकी सहायक श्रीमती पुष्पा नेताम को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। जांच टीम ने ग्राम पंचायत पहुंचकर शिकायतकर्ताओं, ग्रामीणों तथा पंचायत से जुड़े लोगों के बयान दर्ज किए। जांच के दौरान पूर्व सरपंच दुष्यंत सिन्हा और पंचायत सचिव गिरजा चंदेल ने भी लिखित रूप में अपना पक्ष अधिकारियों के सामने प्रस्तुत किया।

जांच अधिकारियों ने पंचायत के दस्तावेज, भुगतान संबंधी अभिलेख, वाउचर तथा ई-ग्राम स्वराज पोर्टल की प्रविष्टियों का परीक्षण किया। जांच में कई मामलों में गंभीर विसंगतियां सामने आईं। प्रतिवेदन के अनुसार अनेक भुगतान में एक ही एजेंसी के नाम पर राशि जारी की गई, जबकि संबंधित बिल अन्य फर्मों के लगाए गए थे। कई भुगतान के समर्थन में वैध बिल, प्रमाणक और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाए गए। जांच रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि कई बिल एक ही व्यक्ति द्वारा लिखे गए प्रतीत हुए, जिससे भुगतान प्रक्रिया पर संदेह गहरा गया।

जांच के दौरान वाउचर और ई-ग्राम स्वराज पोर्टल की प्रविष्टियों में भी अंतर पाया गया। अधिकारियों ने इसे वित्तीय नियमों के उल्लंघन और शासकीय राशि के दुरुपयोग की श्रेणी में माना है। इसके अलावा 59 हजार 200 रुपये की राशि से संबंधित कोई वैध दस्तावेज या बिल प्रस्तुत नहीं किया जा सका। जांच अधिकारियों ने इसे गंभीर वित्तीय लापरवाही माना है।

जांच प्रतिवेदन में कुल 6 लाख 49 हजार 400 रुपये की राशि वसूली योग्य बताई गई है। इसमें 4 लाख 49 हजार 100 रुपये तथा 1 लाख 80 हजार 300 रुपये की राशि शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पंचायत स्तर पर वित्तीय नियमों और प्रक्रिया का सही तरीके से पालन नहीं किया गया। साथ ही भुगतान और लेखा संबंधी कार्यों में गंभीर लापरवाही बरती गई।

जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद ग्रामवासियों में नाराजगी बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत निधि गांव के विकास और मूलभूत सुविधाओं के लिए होती है, लेकिन यदि राशि का दुरुपयोग किया जाता है तो इसका सीधा असर गांव के विकास कार्यों पर पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले में निष्पक्ष कार्रवाई करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की है।

ग्रामवासी संजीव चक्रधारी, गौतम साहू, रूपेश साहू, रामजी साहू, मुकेश साहू, रामेश्वर साहू, अनिल साहू, बिशु राम साहू और लाकेश मंडावी सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने कहा कि पंचायत निधि में अनियमितता गंभीर विषय है और इसमें जिम्मेदार लोगों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

इस संबंध में पूर्व सरपंच दुष्यंत सिन्हा का पक्ष लेने के लिए मोबाइल के माध्यम से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

# ललित ने लिया देहदान का संकल्प विशिष्ट नागरिकों का हुआ सम्मान

- कोई भी व्यवसाय छोटा बड़ा नहीं होता, मेहनत बड़ी होती है : दयाराम
- एक ईमानदार व्यक्ति हर मोर्चे पर सफल होता है : गीतेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन, विकास एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत ग्राम दर्री, खरेंगा एवं सारंगपुरी में प्रबुद्धजनों और विभिन्न वर्गों के नागरिकों से संपर्क कर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी गई। इस दौरान समाज और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले नागरिकों का गमछा एवं नारियल भेंट कर सम्मान किया गया।

ग्राम दर्री के ललित साहू पिता स्व. सरजू प्रसाद साहू को गांव में प्रत्येक मृतक संस्कार के लिए निःशुल्क लकड़ी उपलब्ध कराने जैसी अनुकरणीय सेवा के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान उन्होंने अपने निधन के पश्चात देहदान करने की घोषणा कर उपस्थित लोगों को प्रेरित किया।

खरेंगा के वरिष्ठ व्यवसायी पुरुषोत्तम साहू को भी सम्मानित किया गया। एक छोटे साइकिल स्टोर से व्यवसाय की शुरुआत कर उन्होंने अपनी मेहनत और लगन के बल पर आज पुरुषोत्तम बाजार जैसा प्रतिष्ठित व्यवसाय स्थापित किया है। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री सहकार भारती दयाराम साहू ने कहा कि कोई भी व्यवसाय छोटा या बड़ा नहीं होता, मेहनत बड़ी होती है।

सारंगपुरी में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता शोभाराम साहू को संगठन में उनके विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वहीं रामबगस सेन को उनके पुत्र शहीद चोवा सेन की राष्ट्रसेवा और सर्वोच्च बलिदान के सम्मान में घर पहुंचकर सम्मानित किया गया।

जनपद सदस्य गीतेश्वरी साहू ने कहा कि एक ईमानदार व्यक्ति हर मोर्चे पर सफल होता है। कार्यक्रम में दयाराम साहू, गीतेश्वरी साहू, शेखन साहू, निरंजन साहू, रामकुमार यादव, धन्नू जागड़े, मोहन साहू, कांशीराम साहू, कार्तिक साहू, रामदयाल साहू, मोतीराम साहू, रघु साहू, विनोद विश्वकर्मा, मिलाप साहू, खुमान साहू, जोगेश्वर साहू, डिगेश्वर साहू, संजय कुम्भकार, नारद साहू, शिवचरण, गोकुल साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# जैविक खेती के नाम पर जिले में बड़ा खेल?

- बेलरगांव में 30 टन संदिग्ध खाद जब्ती के बाद मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर में प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार आह्वान कर रहे हैं। किसानों को रसायन मुक्त खेती की ओर प्रेरित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें करोड़ों रुपये खर्च कर रही हैं। लेकिन धमतरी जिले में सामने आए संदिग्ध खाद भंडारण और गुणवत्ता संबंधी मामलों ने जैविक खेती की पूरी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जिले के बेलरगांव क्षेत्र में लगभग 30 टन संदिग्ध खाद की जब्ती के बाद जैविक खेती और कृषि आदानों की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। इस कार्रवाई के बाद पूरे जिले में हड़कंप की स्थिति है और किसानों, कृषि विशेषज्ञों तथा जनप्रतिनिधियों ने मामले की निष्पक्ष और व्यापक जांच की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, कृषि विभाग की प्रारंभिक जांच में कुछ खाद की बोरियों पर बैच नंबर, एमआरपी और अनिवार्य विवरण अंकित नहीं पाए गए हैं। इस आधार पर आशंका जताई जा रही है कि जैविक खाद के नाम पर मानकविहीन या संदिग्ध उत्पादों का भंडारण और विक्रय किया जा रहा था। यह मामला अब केवल एक स्थान तक सीमित न रहकर पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गया है।

## निष्पक्ष जांच हुई तो खुल सकते हैं करोड़ों के राज

### किसानों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : सार्वा

जिला पंचायत अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कृषक अरुण सार्वा ने कहा कि यदि



जैविक खाद या कृषि उत्पादों के नाम पर किसानों को निम्न गुणवत्ता सामग्री बेची जा रही है तो यह गंभीर अन्याय है। उन्होंने पूरे जिले में व्यापक जांच अभियान चलाने, सभी कृषि केंद्रों और गोदामों की जांच करने तथा दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### वैज्ञानिकों ने गुणवत्ता परीक्षण को बताया जरूरी

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. गजेंद्र चंद्राकर ने कहा है कि जैविक खाद और उत्पादों की गुणवत्ता कृषि उत्पादन की बुनियाद है। यदि उत्पाद निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं होंगे तो किसानों को अपेक्षित लाभ नहीं मिलेगा और उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने नियमित रूप से नमूना संग्रह और वैज्ञानिक परीक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया।

### किसानों की मेहनत और भविष्य दोनों खतरे में

धमतरी जिला कृषि प्रधान क्षेत्र है, जहां बड़ी संख्या में किसान जैविक और प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं। ऐसे में यदि किसानों को गुणवत्ताहीन या संदिग्ध खाद उपलब्ध कराई जाती है तो इसका सीधा असर फसल उत्पादन, मिट्टी की उर्वरता और किसानों की आर्थिक स्थिति पर पड़ सकता है।

### सरकार की करोड़ों की योजनाओं पर भी सवाल

सरकारी स्तर पर जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण, प्रोत्साहन और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हर वर्ष करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन यदि बाजार में मानकविहीन उत्पादों की आपूर्ति होती रही तो यह न केवल किसानों के साथ धोखा होगा बल्कि सरकारी योजनाओं की प्रभावशीलता पर भी प्रश्नचिह्न लगेगा।

### दोषियों पर हो कठोर कार्रवाई : रूपेंद्र साहू

धनम फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के अध्यक्ष रूपेंद्र साहू ने भी इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि किसानों के हितों से खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केवल नोटिस जारी करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि पूरे जिले में विशेष जांच अभियान चलाकर सभी विक्रेताओं और सप्लायरों की जांच आवश्यक है।

### मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से कराई जाएं

कृषि क्षेत्र से जुड़े जानकारों का कहना है कि केवल दस्तावेजों की जांच पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि जब्त खाद और बाजार में उपलब्ध अन्य जैविक उत्पादों के नमूनों को मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में जांच के लिए भेजा जाना चाहिए। इससे वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी और दोषियों पर कार्रवाई संभव होगी।

# रवि छग प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन के निर्विरोध अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छत्तीसगढ़ प्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन की नई कार्यकारिणी का गठन रविवार को रायपुर में हुआ। भिलाई के रवि श्रीवास्तव को सर्वसम्मति से सम्मेलन का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। दुर्ग के गुलबीर सिंह भाटिया को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया।

नई कार्यकारिणी में संतोष झांझी (भिलाई) को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ. आशा शर्मा (अंबिकापुर) को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, समयलाल विवेक (पिपरिया) को महासचिव, डॉ. उर्मिला शुक्ल (रायपुर) को साहित्य मंत्री, राजेश मिश्रा (अंबिकापुर) को संगठन मंत्री तथा अजय चंद्रवंशी (कवर्धा) को प्रकाशन एवं प्रचार मंत्री बनाया गया। चुनाव अधिकारी धमतरी के मदनमोहन खंडेलवाल थे। उनके सहयोगी खैरागढ़ के संकल्प यदु रहे। इस अवसर पर अनेक वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. चितरंजन कर, डॉ. सत्यभामा आडिल, सुधा वर्मा, राजेंद्र चांडक, डॉ. राकेश कुमार तिवारी, संजीव खुदशाह (रायपुर), वेदप्रकाशन अग्रवाल एवं विश्वासी एक्का (अंबिकापुर), पथिक तारक (कोमा-राजिम) तथा डॉ. माझी अनंत (धमतरी) शामिल हुए। शरद कोकास ने आभार व्यक्त किया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# रिफ्लेक्टर का अभाव, नंबर प्लेट स्पष्ट नहीं इंडिकेटर, वाइपर तथा लाइट खराब मिली

## नए शैक्षणिक सत्र के साथ स्कूली वाहनों की विशेष जांच, 14 वाहनों में मिली खामियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही स्कूलों में बच्चों की चहल-पहल लौट आई है। लंबे अवकाश के बाद विद्यार्थी उत्साह और उमंग के साथ विद्यालय पहुंच रहे हैं। ऐसे में बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा स्कूली वाहनों की विशेष जांच अभियान चलाया गया।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में जिला परिवहन अधिकारी द्वारा परिवहन उड़नदस्ता एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम के साथ नगरी रोड स्थित भोयना के नवीन परिवहन कार्यालय परिसर में विशेष जांच अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम भी उपस्थित रही।

अभियान के तहत शैक्षणिक संस्थानों एवं लीज अनुबंध के माध्यम से संचालित स्कूल बसों के फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाण-पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की गई। कुल 34 स्कूली वाहनों का परीक्षण किया गया।

### 12 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया

जांच के दौरान 14 वाहनों में विभिन्न प्रकार की तकनीकी एवं सुरक्षा संबंधी कमियां पाई गईं। इनमें रिफ्लेक्टर का अभाव, नंबर प्लेट का स्पष्ट नहीं होना, पार्किंग लाइट, इंडिकेटर, वाइपर तथा अन्य लाइट का खराब होना प्रमुख रहा। इन कमियों के कारण संबंधित वाहन संचालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 12 हजार रुपये का समझौता शुल्क वसूल किया गया।



### बस चालकों एवं परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा बस चालकों एवं परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, रॉन्ग साइड वाहन नहीं चलाने, शराब सेवन कर वाहन संचालन से बचने तथा बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए स्कूली वाहनों की नियमित जांच, निगरानी एवं प्रवर्तन कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### घर के सामने से बाइक की चोरी पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी



**कांकेर।** चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम कानापोड में अज्ञात चोरों ने एक घर के सामने खड़ी मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। रात तक सुरक्षित खड़ी दिखाई देने वाली बाइक सुबह गायब मिलने से वाहन मालिक के होश उड़ गए। काफी खोजबीन के बाद भी वाहन का पता नहीं चलने पर पीड़ित ने चारामा थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कानापोड निवासी 47 वर्षीय ओंकार प्रसाद साहू पिता कुमार सिंह साहू ने पुलिस को बताया कि गांव में हार्डवेयर की हैं। मैं 15 जून की दोपहर लगभग 3 बजे अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीडी 4687 को घर के सामने बने शेड में खड़ा किया था। रात करीब 11 बजे तक उन्होंने वाहन को वहीं सुरक्षित खड़ा देखा था, जिसके बाद वे सोने चले गए। अगली सुबह 16 जून को करीब 8 बजे जब घर के बाहर निकले, तब देखा कि मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। मोटरसाइकिल नहीं मिलने पर उन्होंने आसपास के लोगों और पड़ोसियों से पूछताछ की तथा अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित का कहना है कि रात और सुबह के बीच किसी अज्ञात चोर ने मौका पाकर मोटरसाइकिल चोरी कर ली।

### युवतियों से छेड़छाड़ के आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया जेल

**कांकेर।** शहर कांकेर के आमापारा क्षेत्र में दुकान से काम करके अपने घर जाने वाली युवतियों का पीछा करके लगातार परेशान करने वाले युवक को महिला रक्षक टीम ने खबर मिलते ही दबोचा और आरोपी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार 16 जून को महिला रक्षा टीम आमापारा क्षेत्र में नियमित गश्त पर थी। इस दौरान महिला हेल्पलाइन नंबर पर सूचना मिली कि कुछ युवतियां दुकान में कार्य समाप्त कर अपने घर लौट रही थीं, जिन्हें एक अज्ञात युवक लगातार परेशान कर रहा था। जानकारी मिलते ही महिला रक्षा टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपी का पीछा कर उसे पकड़ लिया। शिकायत एवं पूछताछ के दौरान यह सामने आया कि आरोपी 27 वर्षीय राजकुमार कोमरा पिता रतिराम कोमरा निवासी श्रीराम नगर युवतियों को परेशान कर सार्वजनिक शांति एवं कानून व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास कर रहा था।



प्रेसवार्ता में पूर्व कैबिनेट मंत्री अनिला भेड़िया ने लगाए कई आरोप

# बढ़े बिजली बिल और स्मार्ट मीटर को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



पूर्व कैबिनेट मंत्री अनिला भेड़िया ने राजीव भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रदेश सरकार पर बढ़े हुए बिजली बिलों और स्मार्ट मीटर व्यवस्था को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की जनता एक ओर बिजली कटौती से परेशान है, वहीं दूसरी ओर उपभोक्ताओं को सामान्य से कई गुना अधिक बिजली बिल भेजे जा रहे हैं, जिससे आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

प्रेसवार्ता में अनिला भेड़िया ने कहा कि जून माह में प्रदेश के 45 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं के बिल औसत से कई गुना अधिक आए हैं। इससे गरीब, मध्यम वर्ग और छोटे व्यवसायियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में नियमित और पर्याप्त बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है, लेकिन इसके बावजूद उपभोक्ताओं को भारी भरकम बिल थमाए जा रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि पिछले ढाई वर्षों में लगातार बिजली दरों में वृद्धि की गई है, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है। उनका कहना है कि इस बार कई उपभोक्ताओं के बिजली बिल सामान्य से दो से तीन गुना तक अधिक आए हैं, जिसके कारण लोगों में व्यापक नाराजगी है।

स्मार्ट मीटर को लेकर भी कांग्रेस ने सवाल उठाए। अनिला भेड़िया ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से उपभोक्ताओं की शिकायतें मिल रही हैं कि स्मार्ट मीटर वास्तविक खपत से अधिक रीडिंग दर्ज कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर पारंपरिक मीटरों की तुलना में तेजी से चल रहे हैं, जिससे बिजली बिलों में अनावश्यक वृद्धि हो रही है।

कांग्रेस ने बिजली दरों में वृद्धि, बिजली बिल हाफ योजना के बंद होने तथा स्मार्ट मीटर व्यवस्था को बढ़े हुए बिजली बिलों का प्रमुख कारण बताते हुए सरकार से इसकी समीक्षा करने और उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग की। प्रेसवार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, विधायक ओंकार साहू, विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, मोहन लालवानी, शरद लोहाना, विजय देवांगन, विपिन साहू, गोपाल शर्मा, नीशु चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निगम के जेसीबी का निजी कार्य में उपयोग करते कांग्रेस पार्षदों ने पकड़ा



■ वाहन प्रभारी इंजीनियर को मौके पर बुलाकर विरोध जताते हुए स्पष्टीकरण मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम में शासकीय मशीनरी के कथित दुरुपयोग का मामला सामने आया है। आरोप है कि वार्डों में विकास कार्यों के लिए डीजल संकट का हवाला देकर जेसीबी मशीन नहीं भेजी जाती, लेकिन उसी मशीन का उपयोग निजी कार्यों के लिए किया जा रहा है।

मंगलवार को कांग्रेस पार्षदों ने गौरव पथ इतवारी बाजार मार्ग क्षेत्र में जेसीबी को निजी काम करते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। पार्षदों ने तत्काल वाहन प्रभारी इंजीनियर कमलेश ठाकुर को मौके पर बुलाकर कड़ा विरोध जताया और स्पष्टीकरण मांगा।

नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने बताया कि महापौर शहर में डीजल संकट की बात करते हैं वहीं अपने निजी लोगों को लाभ पहुंचाने जेसीबी भेजते हैं। वार्ड पार्षदों द्वारा जेसीबी मांगने पर डीजल नहीं है, कहकर टाल दिया जाता है, लेकिन निजी लोगों के काम के लिए जेसीबी तुरंत पहुंच जाती है। इससे निगम का दोहरा चरित्र उजागर हुआ है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। मौके पर उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, पार्षद योगेश लाल, पार्षद प्रतिनिधि गजानंद रजक, सोमेश मेश्राम, युवा कांग्रेस अध्यक्ष हितेश गंगवीर मौजूद थे।

# देमार में पेट्रोल पंप के पास खेत में लगी आग



■ दमकल विभाग की तत्परता से बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

देमार क्षेत्र स्थित पेट्रोल पंप के समीप खेतों में लगी आग से अफरा-तफरी मच गई। आग तेजी से फैलते हुए आसपास के खेतों की ओर बढ़ने लगी, जिससे पेट्रोल पंप, गोदाम और अन्य प्रतिष्ठानों के लिए खतरा उत्पन्न हो गया। हालांकि दमकल विभाग की तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया और संभावित बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार एक खेत में पराली जलाने के दौरान आग ने तेज हवा के कारण विकराल रूप धारण कर लिया। आग सूखी घास और कृषि अवशेषों के सहारे तेजी से फैलने लगी। कुछ ही देर में धुएं का गुबार और आग की लपटें दूर-दूर तक दिखाई देने लगीं, जिससे आसपास के लोगों में चिंता बढ़ गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। आग लगातार फैल रही थी, जिससे दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। आखिरकार टीम ने आग को पेट्रोल पंप तक पहुंचने से पहले ही नियंत्रित कर लिया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो पेट्रोल पंप तक आग पहुंच सकती थी, जिससे बड़ा हादसा और भारी नुकसान होने की आशंका थी। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन खेतों में मौजूद सूखी घास और कृषि अवशेष जलकर नष्ट हो गए।

प्रशासनिक कार्यों में लापरवाही और विकास कार्यों में देरी पर मांगा जवाब

# कलेक्टर ने निगम आयुक्त को कारण बताओ नोटिस जारी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने नगर पालिक निगम की आयुक्त प्रिया गोयल को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर दो दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जारी नोटिस में नगर निगम क्षेत्र में मानसून पूर्व आवश्यक तैयारियों, जनसुविधा कार्यों और प्रशासनिक दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने का उल्लेख है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

सूचना पत्र के अनुसार आयुक्त प्रिया गोयल 1 जून से 12 जून तक अर्जित अवकाश पर थीं। अवकाश पर जाने से पहले उन्हें आवश्यक कार्यों की व्यवस्था सुनिश्चित करने और प्रशासनिक निर्देशों का पालन करने के लिए कहा गया था। इसके बावजूद कई महत्वपूर्ण कार्य समय पर पूरे नहीं किए गए, जिस पर प्रशासन ने नाराजगी जताई है।

इसके अलावा वर्षाकाल में सड़े-गले फलों की बिक्री रोकने, आवारा पशुओं के प्रबंधन तथा नागरिक सुविधाओं से जुड़े अन्य कार्यों में भी अपेक्षित प्रगति नहीं होने का उल्लेख है। प्रशासन का मानना है कि इन कार्यों में देरी से आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

नोटिस में यह भी कहा गया है कि राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत पुलिया, नाली और रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी अब तक अधूरे हैं, जबकि इन्हें समय पर पूरा किया जाना आवश्यक था।

कलेक्टर ने कहा है कि नगर निगम आयुक्त के कार्यों को लेकर जनप्रतिनिधियों और नागरिकों द्वारा लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं तथा कार्यप्रणाली पर असंतोष भी व्यक्त किया गया है। नोटिस में इसे शासकीय दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता और उदासीनता बताते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियमों के विपरीत माना गया है।

कलेक्टर ने आयुक्त को निर्देश दिया है कि वे दो दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। निर्धारित समय सीमा में जवाब नहीं मिलने अथवा जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने की स्थिति में उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।



### नाले-नालियों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था अधूरी

कलेक्टर ने जारी नोटिस में कहा है कि जिले में मानसून पूर्व वर्षा शुरू हो चुकी है, लेकिन नगर निगम क्षेत्र में नाले-नालियों की सफाई का कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है। कई स्थानों पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति बनने की आशंका है।

### लंबित न्यायालयीन प्रकरणों पर भी उठे सवाल

कारण बताओ सूचना पत्र में उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों के निराकरण में देरी का मुद्दा भी उठाया गया है। कलेक्टर ने उल्लेख किया है कि शासन द्वारा समय-समय पर न्यायालयीन मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन वर्ष 2020 से 2025 तक के 14 मामलों में अब तक जवाब-दावा प्रस्तुत नहीं किया गया है, जिसके कारण प्रकरण लंबित बने हुए हैं।

## तीन माह बाद भी नहीं हुआ भूमि का आवंटन



■ डुबान प्रभावितों ने फिर दी आंदोलन की चेतावनी, आज कलेक्टर से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

**धमतरी।** गंगरेल बांध के डुबान प्रभावित परिवारों में लंबित भूमि के आवंटन को लेकर नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। डुबान प्रभावित जनकल्याण समिति की बैठक में प्रभावितों ने शासन और प्रशासन पर वादा पूरा नहीं करने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि उच्च न्यायालय के निर्देश और शासन स्तर से स्पष्ट आदेश जारी होने के बावजूद तीन माह बीत जाने के बाद भी पात्र परिवारों को वैकल्पिक कृषि भूमि का आवंटन नहीं किया गया है। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर मरकाम ने बताया कि मंत्रालय में आयोजित बैठक के दौरान विशेष सचिव (राजस्व) ने जिला प्रशासन को उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप तीन माह के भीतर आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए थे। इसी आश्वासन के आधार पर प्रभावित परिवारों ने अपना प्रस्तावित आंदोलन स्थगित कर प्रशासन को समय दिया था। लेकिन निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद भी भूमि आवंटन प्रक्रिया में कोई ठोस प्रगति नहीं होने से प्रभावितों में असंतोष बढ़ गया है।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समिति का एक प्रतिनिधिमंडल 17 जून को धमतरी कलेक्टर से मुलाकात करेगा। प्रतिनिधिमंडल लंबित भूमि आवंटन मामलों की वर्तमान स्थिति, अब तक की गई कार्रवाई और आगे की कार्ययोजना की जानकारी मांगेगा। साथ ही समयबद्ध तरीके से भूमि आवंटन प्रक्रिया शुरू करने की मांग भी करेगा। हरिशंकर मरकाम ने चेतावनी दी कि यदि कलेक्टर से मुलाकात के दौरान संतोषजनक जवाब नहीं मिला और भूमि आवंटन की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो डुबान प्रभावित परिवार अपने अधिकारों की रक्षा के लिए पुनः शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू करेंगे।

महिला मोर्चा की जिला कार्यसमिति बैठक में संगठन के विस्तार पर हुई चर्चा

# केंद्रीय योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्यसमिति बैठक भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीता यादव ने की। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है, जिससे गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्गों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है।

महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री बीथिका विश्वास ने कहा कि महिला मोर्चा की कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों में महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के स्वर्णिम अध्याय रहे हैं। उन्होंने महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क और जनजागरण के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का आग्रह किया। बैठक के दौरान आगामी कार्यक्रमों की जिम्मेदारियां तय की गईं और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका सिन्हा तथा आभार व्यक्त कविता सिन्हा ने किया।

बैठक में सरला जैन, खिलेश्वरी किरण, कौशल्या देवांगन, रुक्मणि सोनकर, प्रीति यदु, अनीता सोनकर, पूजा कुंजाम, पवित्रा दीवान, आशा लोधी, डॉली सोनी, अंकिता मिश्रा, रिंकी जाधव, गीतेश्वरी, निशा वैष्णव, सीमा चौबे, किरण सिन्हा, चंद्रिका साहू, पूजा यादव, दमयंती गजेन्द्र, चंद्रकला साहू, रीता बंजारे, सोनिया टंडन, यशोदा साहू, ज्योति सोनकर, सुलोचना सिन्हा, अंचला यदु, खिलेश्वरी निषाद सहित बड़ी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष उपलब्धियों और विकास के स्वर्णिम काल : प्रीतेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष भारत के लिए आंतरिक सुरक्षा, राष्ट्रीय स्वाभिमान और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के ऐतिहासिक वर्ष रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 की समाप्ति, अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण, आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ सख्त नीति तथा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इंडिया फर्स्ट की सोच ने भारत को एक नई पहचान दी है। प्रीतेश गांधी ने दावा किया कि इन वर्षों में भारत ने विकास और सुरक्षा दोनों मोर्चों पर मजबूत स्थिति हासिल की है और विश्व में एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरा है। उन्होंने इसे स्वर्णिम काल बताते हुए सरकार की नीतियों को निर्णायक और परिवर्तनकारी बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की सभी योजनाओं का मूल उद्देश्य अंत्योदय है, यानी समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना। जनधन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने गरीब, किसान, महिला और वंचित वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। इसी क्रम में रांवा मंडल के ग्राम सरसोंपुरी और आमदी मंडल में विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत प्रबुद्धजनों और नागरिकों से संवाद किया गया। इस दौरान सेवानिवृत्त थाना प्रभारी बलीराम साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक बसंत देवांगन, मकसूदन सिन्हा, गिरधारी लाल, चुड़ामणी यादव, कुंभकरण नेताम एवं गोविन्द साहू शिक्षक का सम्मान किया गया तथा उनसे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों एवं उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक भेंट कर जनकल्याणकारी योजनाओं जानकारी साझा की गई। मौके पर राजेन्द्र शर्मा, अमन राव, दीपक गजेन्द्र, कुलेश सोनी, मुरारी यदु, नरेन्द्र जायसवाल, चन्द्रेश चांद, गणेश यदु, सुंदर लाल साहू, मोहन यादव, कैलाश ध्रुव, गजाधर यादव, रामूलाल देवांगन, राजेन्द्र देवांगन हिरामण यादव एवं राधेश्याम ध्रुव सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

आपके बच्चों का पहला स्कूल
Aakriti Play School
ENGLISH MEDIUM
Play Group to Class - 8th
Regular Abacus Class
रूद्री रोड, कालिका मंदिर के पीछे, कर्मा चौक धमतरी, मो.नं. 98264-32896